2 फरीदाबाद
औद्योगिक नगरी में ही मजदूरों के लिए कहीं नहीं बनाया गया साइकिल ट्रेक

6 अभिमत
भाजपा के लिए नागफांस बनते राहुल

9 देश-विदेश
कांग्रेस के पास देश और कर्नाटक के लिए कोई एजेंडा नहीं : मोदी

12 कसौटी
शिकारी आयेगा जाल बिछायेगा फंसना नहीं

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 49
फरीदाबाद, रविवार, 26 मार्च, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



मुंबई और दिल्ली के बीच फाइनल में रोचक मुकाबले की उम्मीद

पेज - 11

## विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर (फॉर बॉयज) के तीसरे दिन शिविर की शुरूआत योग से हुई। शिविर की थीम भारतीय युवा चरित्र, व्यक्तित्व एवम स्वावलंबन है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत का मकसद योग से शिविर की शुरूआत कराने का पीछे सभी स्वयंसेवकों को पूरे दिन सतर्क रखना है ताकि स्वयंसेवक सभी गतिविधियों में भाग ले सकें। प्रातः काल के मुख्य वक्ता एसके अग्रवाल ने वैश्विक तापन व पर्यावरण संबंधित अन्य संवेदनशील मुद्दों पर स्वयंसेवकों को जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि किस तरह हम अपनी दैनिक दिनचर्या से अपने पर्यावरण की दुर्दशा करते जा रहे हैं और हमारे पृथ्वी के वायुमंडल का औसतन तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ चुका है। हमें जीवन तत्वों यानी जल, वायु व मृदा का संरक्षण करना जरूरी है क्योंकि अगर इन तत्वों में हानिकारक बदलाव हुआ तो हमारे जीवन अत्यंत भयावह हो जाएगा। इसके लिए हमें स्वयं को तो सजग होना ही पड़ेगा साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करना पड़ेगा और अंत में उन्होंने सभी को पांच वृक्ष लगाने व उनका ध्यान रखने की शपथ भी दिलाई।